हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार
9 अक्टूबर 2025, कार्तिक शुक्ल पक्ष, नवमी, विक्रम संवत 2082, बरेली
PAGE NO : 07 MIDDLE

# स्टेडियम-एसआरएमएस के बीच फाइनल आज

बरेली। स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रही जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। मैच का उद्घाटन बरेली वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ. मुजाहिद हसन खान, ओपी कोहली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।

पहला सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली ने क्रिकेट नर्सरी को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। क्रिकेट नर्सरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 98 रन बनाए, जिसमें आकाश कुमार ने 39 रन बनाए। जवाब में स्टेडियम ने 16.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। विपिन कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने बरेली क्रिकेटर्स को 74 रन से हराया। एसआरएमएस ने 129 रन बनाए जबकि बरेली क्रिकेटर्स 55 रन पर सिमट गई। रिजवान ने पांच विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। टूर्नामेंट आयोजक व क्रिकेट प्रशिक्षक नितेश भारद्वाज ने बताया कि फाइनल मुकाबला बुधवार सुबह स्पोर्ट्स स्टेडियम और एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा।



खिलाड़ियों से परिचय लेते डॉ. मुजाहिद हसन खान